दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी होगी। इसके साथ ही अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस सीटों के लिए शुरू जो जायेगी नामांकन प्रक्रिया।

02. विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर मंथन अब भी जारी।

03. उच्चतम न्यायालय ने बिहार एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से बाहर हुये मतदाताओं को अपील करने का मौका दिया।

04. और, देश के कई राज्यों में कफ सीरप पीने से हुई बच्चों की मौत के बाद प्रदेश में संदिग्ध कफ सीरप और दवाओं के नमूनों की जांच तेजी।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी होगी। इसके साथ ही पहले चरण की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस चरण में छह नवंबर को पटना, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर में मतदान होगा। पहले चरण के लिए सत्रह अक्तूबर तक नामांकन भरे जा सकते हैं। अठारह अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। बीस अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के विशेष निर्देश दिये हैं। नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ केवल तीन वाहन और प्रस्तावक सहित अधिकतम पाँच व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। दूसरे चरण का मतदान ग्यारह नवंबर को और मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को मंथन अब भी जारी है। दोनों गठबंधन विभिन्न सीटों को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक हलचल तेज है। सत्तारुढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन दोनों के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक अंतिम फैसला नहीं हो सका है। एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जारी है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को मनाने में भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगा हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि 12 या 13 अक्टूबर को सीट समझौते पर घोषणा होगी। इधर, महागठबंधन के दलों कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों में अभी

सीट शेयरिंग को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। सीटों के बंटवारे पर सहमति बनाने के लिए आज राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच पटना में बातचीत होने की संभावना है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————

भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर जीत के लिए विशेष रणनीति बनाने की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में छत्तीस सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन सीटों पर जीत के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्र के लोग आज तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। आयोग के अनुसार चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से दस दिन पहले तक मतदाता सूची में पंजीकरण करवाया जा सकता है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग पहले चरण के मतदान के लिए तैंतीस भारतीय राजस्व सेवा के पदाधिकारियों को व्यय प्रेक्षक के रूप में तैनात करेगा। आयोग के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह ने बताया कि पटना जिले में चार, मुजफ्फरपुर में तीन, बक्सर, भोजपुर, मधेपुरा, मुंगेर, लखीसराय और शेखपुरा समेत अठारह जिलों में एक–एक व्यय प्रेक्षकों को तैनात किया जा रहा है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आठ लाख से अधिक अधिकारियों को तैनात किया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने बताया कि लगभग 4 लाख 53 हज़ार मतदान कर्मी, 2 लाख 50 हज़ार पुलिस अधिकारी, 28 हज़ार से अधिक मतगणना कर्मी और 18 हज़ार माइक्रो ऑब्ज़र्वर को चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। आयोग ने बताया कि बिहार में पहली बार 243 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। इसके अलावा, 38 पुलिस पर्यवेक्षक और 67 व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। ये पर्यवेक्षक अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात रहेंगे और किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए नियमित रूप से राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मिलेंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि 90 हज़ार 712 बूथ स्तरीय अधिकारियों और 243 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों वाली चुनाव मशीनरी, मतदाताओं के लिए फ़ोन कॉल और ईसीआईनेट ऐप पर बुक–ए–कॉल सुविधा के माध्यम से उपलब्ध है। समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक मतदान केंद्र विशेष रूप से महिलाओं या दिव्यांग अधिकारियों और

कर्मचारियों के माध्यम से संचालित करने का निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिया है। ऐसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा सहित सभी चुनाव कर्मचारी महिलाएं होंगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में कम से कम एक मतदान केंद्र पर युवा कर्मचारियों को तैनात करने को कहा है। इन उपायों का उद्देश्य लोकतंत्र की मूल संरचना में भागीदारी, प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण का संकेत देना है।

———————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से बाहर हुये लगभग तीन लाख छियासठ हजार मतदाताओं को अपील करने का मौका दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुये वोटर लिस्ट से बाहर हुये मतदाताओं को कानूनी मदद देने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने इसके लिए बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रत्येक गांव में कानूनी मित्र के माध्यम से मतदाता सूची से हटाये गये मतदाताओं को मदद उपलब्ध कराने को कहा है। पीठ ने इस मामले में प्राधिकरण से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई सोलह अक्टूबर को होगी।

———————————————————————

जन सुराज पार्टी ने इक्यावन प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पोती जागृति ठाकुर को समस्तीपुर जिले की मोरवा विधानसभा सीट और पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा पार्टी नेता आर.सी.पी. सिंह की बेटी लता सिंह को नालंदा जिले की अस्थावां विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, करगहर से भोजपुरी गायक रितेश पांडेय को टिकट मिला है।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि चिराग पासवान जिन विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार देंगे, उन सीटों पर उनकी पार्टी भी निर्दलीय उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि महागठबंधन से जो सीट मिलेगी उस पर उनकी उम्मीदवारी होगी।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा एनडीए सरकार के खिलाफ लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को किसी की सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। इधर, राजद द्वारा सरकार बनने पर हर परिवार को सरकारी नौकरी देने के सवाल पर श्री सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव को सत्रह महीने

नीतीश सरकार में रहने के दौरान अपने विभाग में कितने लोगों की नौकरी दी, पहले इसका जवाब देना चाहिए।

———————————————————

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में रोहतास जिले के सभी प्रखंडों में पौधा रोपण अभियान के माध्यम से मेरा वोट मेरी पहचान, मेरा वृक्ष मेरी जान के वाक्य के साथ मतदाताओं को शपथ दिलाई गयी। इधर, जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल में सरकारी सम्पत्ति पर लगाये गये पोस्टर और बैनर के मामले में दो दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————

देश के कई राज्यों में कफ सीरप पीने से बच्चों की मौत के बाद प्रदेश में भी कफ सीरप और दवाओं के नमूने लेकर इसकी जांच की जा रही है। औषधि नियंत्रक नित्यानंद किसलय ने सभी सहायक औषधि निरीक्षकों से अपने क्षेत्र में सभी प्रकार के संदिग्ध कफ सीरप और दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिये हैं। श्री किसलय ने बताया कि प्रदेश में औषधि निरीक्षकों को प्रत्येक माह कम से कम पांच सैम्पल लेने या पांच छापेमारी करने के निर्देश लागू है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पिछले दिनों एक कम्पनी विशेष की कफ सीरप को पीने के बाद बीस बच्चों की मौत हो गयी थी। इस कफ सीरप में जांच के दौरान खतरानाक रसायन पाया गया था।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में पूसा परिसर से प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, देश को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई पहल हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार सौ से कम उत्पादकता वाले जिलों की पहचान करेगी और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित उपायों को लागू करेगी।

———————————————————

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री राधाकृष्णन इस दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव सारण जिले के सिताब दियारा में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। वह सिताब दियारा में प्रभावती पुस्तकालय का भी दौरा करेंगे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– गठबंधनों में सीटों की गांठ सुलझाने पर गहमा–गहमी। एनडीए में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के बाद धर्मेन्द्र प्रधान पहुंचे चिराग को मनाने। महागठबंधन में सीटों की अदला–बदली पर मंथन जारी, तेजस्वी से मिले अल्लावरू। **प्रभात खबर** का शीर्षक है– तेरह अक्टूबर को उम्मीदवारों की पहली संयुक्त सूची जारी कर सकता है एनडीए। अखबार ने महागठबंधन पर लिखा है– सीट बंटवारे पर आज लग सकती है अंतिम मुहर, राजद, कांग्रेस और वीआईपी में पहले होगा सीटों का बंटवारा। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है– जन सुराज के इक्यावन प्रत्याशियों की पहली सूची जारी। **दैनिक जागरण** ने राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव के हवाले से लिखा है– सत्ता मिली तो हर परिवार को एक सरकारी नौकरी। **आज अखबार** की सुर्खी है– अंतिम मतदाता सूची से बाहर व्यक्तियों को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी होगी। इसके साथ ही अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस सीटों के लिए शुरू जो जायेगी नामांकन प्रक्रिया।

02. विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर मंथन अब भी जारी।

03. उच्चतम न्यायालय ने बिहार एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से बाहर हुये मतदाताओं को अपील करने का मौका दिया।

04. और, देश के कई राज्यों में कफ सीरप पीने से हुई बच्चों की मौत के बाद प्रदेश में संदिग्ध कफ सीरप और दवाओं के नमूनों की जांच तेजी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।